जनगणना

इलिनॉय के हर व्यक्ति को गिना जाना आवश्यक है! IDHS जनगणना कार्यालय की मई की रिपोर्ट दर्शाती है कि "27 अप्रैल, 2020 को, जनगणना स्व-प्रतिक्रिया दरों के मामले में देश में इलिनॉय का नौवां स्थान था।" विधायक और मतदाता अपने क्षेत्र की प्रतिक्रिया दरों के बारे में अमेरिकी जनगणना ब्यूरो (USCB) के प्रतिक्रिया दर पृष्ठ पर आकर और जान सकते हैं।

आपको याद दिला दें कि अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने स्व-प्रतिक्रिया का अंतिम दिनांक 31 अक्तूबर, 2020 तक बढ़ा दिया है। ऑनलाइन जनगणना पूरी करने के लिए My2020census.gov देखें या **1-844-330-2020** पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए **987987** पर संदेश भेजें या census.illinois.gov पर जाएं।

IL यूथ इंवेस्टमेंट प्रोग्राम

जोखिम का सामना कर रहे इलिनॉय के युवाओं को यूथ इंवेस्टमेंट प्रोग्राम में भाग लेने का अवसर प्रदान करके उनकी मदद करने के लिए IDHS प्रतिबद्धहै। इस प्रोग्राम की स्थापना विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को उनकी दीर्घ-कालिक करियर रोजगार यात्रा में सशक्त बनाने और सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी।

इस प्रोग्राम में भाग लेने हेतु फंड प्राप्त करने में रूचि रखने वाले प्रदाता यहाँ पर इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। **सबमिट करने की तारीख है सोमवार, 3 अगस्त, 2020.** 15 जुलाई, 2020 को 9:00 am पर एक तकनीकी सहायता वेबिनर भी होगा। वेबिनर के बारे में और उसमें रजिस्टर कैसे करना है इस बारे में अधिक जानकारी इस वेब पेज पर पाई जा सकती है।

IDHS सोशल मीडिया

IDHS के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे फॉलो करने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। सभी प्लेटफार्म IDHS से जुड़ने और उसके बारे में नवीनतम जानकारी पाने का शानदार तरीका है। IDHS खातों के लिए लिंक: ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब, और लिंक्डइन.

हाथ से न जाने दें – विद्यार्थियों के लिए भोजन लाभ

इस वर्ष के आरंभ में, IDHS ने पैंडेमिक एमरजेंसी बेनेफ़िट ट्रांसफ़र (P-EBT) कार्यक्रम, को प्रभाव में लाने के लिए संघीय अनुमोदन मांगा था और वह उसे मिल भी गया है; उक्त कार्यक्रम इलिनॉय के परिवारों को स्कूली आयु वाले उन बच्चों के लिए भोजन खरीदने में सहायता हेतु धन प्रदान करता है जिन्हें स्कूल खुले होने पर निःशुल्क या घटी-कीमत पर भोजन मिलता हैं। **हालांकि स्कूलों का इस वर्ष का सत्र समाप्त हो चुका है, पर परिवार अभी-भी 15 जुलाई तक P-EBT के लिए आवेदन कर सकते हैं।** पात्र परिवार प्रत्येक छूटे स्कूली दिन के लिए प्रति बच्चा $5.70 के अधिकारी हैं।

यदि आपकी गृहस्थी को वर्तमान में SNAP लाभ मिलते हैं और उसमें पात्र विद्यार्थी हैं, तो वे अपने-आप नामांकित कर दिए जाएंगे और किसी भी आवेदन की आवश्यकता नहीं है। IDHS इन गृहस्थियों के P-EBT लाभों को परिवारों के मौजूदा LINK कार्डों मेें जोड़ देता है।

यदि आपकी गृहस्थी को वर्तमान में SNAP लाभ नहीं मिलते हैं, पर उसमें ऐसे विद्यार्थी हैं जो निःशुल्क या घटी-कीमत के भोजन के लिए अर्ह हो सकते हैं, तो आप 15 जुलाई तक P-EBT लाभों के लिए आवेदन कर सकते हैं। गृहस्थियों को वापस उस बिंदु (समय) तक के P-EBT लाभ मिल सकते हैं जब उनके विद्यार्थी P-EBT के लिए पात्र हुए थे। अधिक जानकारी या संक्षिप्त फ़ॉर्म द्वारा आवेदन करने के लिए कृपया abe.illinois.gov पर जाएं।

इक्विटी-आधारित कम्युनिटी एवं व्यवसायिक अनुदान

पिछले सप्ताह, राज्यपाल जेबी प्रिट्ज़कर (गवर्नर JB Pritzker) ने वैश्विक-महामारी और हालिया नागरिक अशांति से प्रभावित हुए समुदायों और व्यवसायों के सहयोग के लिए $900 मिलियन के राज्य अनुदान कार्यक्रमों का पैकेज घोषित किया था, जिसमें छोटे व्यवसायों, कामकाजी परिवारों, और इलिनॉय के अश्वेत समुदायों की बहुत सी अविलंब आवश्यकताओं के सहयोग के लिए इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) के लिए $32.5 मिलियन शामिल हैं। इन निधियों का उपयोग इस अनिश्चित समय के दौरान बेरोज़गार वयस्कों को रोज़गार दिलवाने, युवा सेवाएं प्रदान करने, भोजन बैंकों को अतिरिक्त वित्त पोषण देने, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, आरोग्यकारी एवं बहाली न्याय में सहायता प्रदान करने, और ज़रूरतमंद परिवारों को अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा प्रदान करने की रणनीतियों में किया जाएगा। जो IDHS प्रदाता इन क्षेत्रों में कार्य करते हैं वे हमारे संभागों से अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी मिलने की अपेक्षा कर सकते हैं, और हम हमारे परिश्रमी प्रदाता नेटवर्क को पहले से कहीं अधिक आवश्यकताओं के इस समय के दौरान उनके लचीलेपन के लिए धन्यवाद देते हैं।

आप पूरी घोषणा राज्यपाल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

IDHS वेबसाइट की नई डिज़ाइन

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) को अपनी नई डिज़ाइन वाली वेबसाइट पेश करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है जो www.DHS.illinois.gov पर उपलब्ध है। नई साइट पहले से अधिक उपयोक्ता-हितैषी है और इसमें वांछित जानकारी ढूंढना पहले से कहीं अधिक आसान है।

SNAP आपातकालीन आवंटन पूरे जुलाई माह के लिए बढ़ाए जाते हैं!

संघीय सरकार ने सभी पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, (SNAP) SNAP) वाले परिवारों के लिए पूरे जुलाई माह में आपातकालीन आवंटन जारी रखे जाने का अनुमोदन कर दिया है। ये आवंटन यह सुनिश्चित करेंगे कि

परिवारों को वैश्विक-महामारी के दौरान उनकी गृहस्थी के आकार के अनुसार अधिकतम SNAP निधियां मिलें। ग्राहक को इसके लिए कुछ नहीं करना है, और जुलाई 2020 के SNAP आपातकालीन आवंटन सक्रिय SNAP परिवारों के लिए 07/19/20 और 07/30/2020 के बीच उपलब्ध हो जाएंगे।

SNAP लाभों हेतु आवेदन के लिए, कृपया abe.illinois.gov पर आएं।

SNAP ऑनलाइन खरीदारी

IDHS को लगभग दस लाख गृहस्थियों में SNAP के 19 लाख से भी अधिक ग्राहकों के लिए अब किराने की ऑनलाइन खरीद की पेशकश करते हुए भी गर्व हो रहा है।

एमेज़ॉन (Amazon) और वॉलमार्ट (Walmart) इस कार्यक्रम के आरंभ होने के साथ इलिनॉय में ऑनलाइन SNAP प्रदान करने वाले सबसे शुरुआती फुटकर विक्रेता हैं। IDHS अन्य किराना फुटकर विक्रेताओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है कि वे संपूर्ण इलिनॉय के समुदायों में इस कार्यक्रम की पहुंच चारों दिशाओं में बढ़ाएं।

EBT ऑनलाइन में ज्वॉइन होने वाले अतिरिक्त ग्रॉसरी रिटेलरों का स्वागत है। प्रोग्राम में दिलचस्पी रखने वाले रिटेलर http://www.fns.usda.gov/snap/online-purchasing-pilot पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।